ॐ


वर्ष-8, अंक-11, 1-15 जून, 2023 (पाक्षिक)

# चाणक्य वार्ता

ISSN 2456-1207

राजभाषा हिन्दी की संपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पत्रिका

मूल्य : 50 रुपये
कुल पृष्ठ 40



## इस अंक में पढ़ें

भारत के सूर्योदय का साक्षी है नया संसद भवन, विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो रहा है भारत, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत देश की सीमाओं की सुरक्षा, देशभर के संग्रहालयों का संगम स्थल बना प्रगति मैदान, गोवा के पर्यटन मंत्री ने कहा- जो एक बार गोवा आया वह बार-बार आएगा, हरियाणा सरकार ग्रामीणों के द्वार, राजस्थान में चुनावी माहौल, श्रीनगर में जी-20 की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न, मणिपुर में लग रही है अलग राज्य की साजिश आदि महत्वपूर्ण लेख। साथ ही पढ़ें देश-विदेश की खबरें और सभी स्थायी स्तंभ।



प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा




गोवा के पर्यटन मंत्री का साक्षात्कार




हरियाणा सरकार ग्रामीणों के द्वार

जो व्यक्ति समय की कद्र नहीं करता है वह अपने जीवन को कठिनाइयों से मुक्त होकर नहीं जी सकता—आचार्य चाणक्य




# चाणक्य वार्ता

सम्पूर्ण अंतरराष्ट्रीय पत्रिका

वर्ष : 8, अंक : 11, 1-15 जून, 2023






## अनुक्रम


05 सम्पादक के नाम पत्र

06 सम्पादक की कलम से

**राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय**

09 इतिहास के ललाट पर अमिट हस्ताक्षर व आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी है 'नया संसद भवन' : डॉ अमित जैन

13 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन देशों की यात्रा, विश्व गुरु के रूप में पुनः स्थापित हो रहा भारत : आरपी तोमर

16 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' सीमा सुरक्षित व गांव सम्पन्न– अमित शाह : अरुणज्योति बोरा

**राज्यों से**

18 दिल्ली– देशभर के संग्रहालयों का संगम स्थल बना प्रगति मैदान : अभिनव तोमर

20 गोवा–जो एक बार गोवा आया, वह बार-बार आएगाः रोहन खंवटे

22 हरियाणा– मुख्यमंत्री रच रहे इतिहास– हरियाणा की सरकार ग्रामीणों के द्वार : विशाल शर्मा

24 राजस्थान– राजस्थान में बनने लगा चुनावी माहौलः डॉ. अमर सिंघल

26 जम्मू-कश्मीर– चीन व पाक की धौंस बेअसर, श्रीनगर में जी-20 बैठक सफल : रमेश गुप्ता

27 मणिपुर– फिर जला मणिपुर, कहीं अलग राज्य की साजिश तो नहीं? : डॉ. भरत कुमार



**नई दिल्ली कार्यालय**

मुख्यालय :
**'सन्निधि', ए-28, मनसाराम पार्क, उत्तम नगर,
नई दिल्ली-110059**
कॉरपोरेट कार्यालय :
**321, तृतीय तल, वर्धमान मॉल, प्लॉट-2,
सेक्टर-19, द्वारका, नई दिल्ली-110077**
सम्पर्क : 09871909808, 08571841127
ई-मेल : chanakyavarta@gmail.com

**उत्तर क्षेत्र कार्यालय**
**एस.सी.ओ. 24, द्वितीय तल, सेक्टर-11,
पंचकूला, हरियाणा-134112**
सम्पर्क : **0172-4672424, 09466988764**

**पूर्वोत्तर क्षेत्र कार्यालय**
**116, कॉमर्स हाउस, एम.जी. रोड, फैंसी बाजार
निकट ऐक्सिस बैंक, गुवाहाटी, असम-781001**
सम्पर्क : **09101834214, 9864337619**

**दक्षिण क्षेत्र कार्यालय**
**13, नल्लन्ना मुदली स्ट्रीट, साहुकारपेट,
चेन्नई-600 079**
सम्पर्क : **9342302248, 9941245660**



संरक्षक

**डॉ. योगेन्द्र नारायण** (पूर्व महासचिव, राज्यसभा)
कुलाधिपति, गढ़वाल विश्वविद्यालय

**लक्ष्मीनारायण भाला** (वरिष्ठ साहित्यकार)

परामर्श मंडल

**पद्मश्री डॉ. श्यामसिंह शशि**
(कुलाधिपति, रोमा विश्वविद्यालय)

**वेणुगोपालन** (वरिष्ठ पत्रकार)

सम्पादक मंडल

सम्पादक : **डॉ. अमित जैन**
कार्यकारी सम्पादक : **आर.पी. तोमर**
राजनीतिक सम्पादक : **ओम प्रकाश पाल**

संस्थापक राष्ट्रीय समन्वयक

**स्व. घनराज भाम्बी**
(वरिष्ठ पत्रकार— रक्षा सेनाएँ एवं अर्द्ध सैनिक बल)

राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार प्रभारी

**दिलीप बैनर्जी**, कोलकत्ता

आर्थिक सलाहकार मंडल
**सी.ए. मन्त्रेश्वर कर्ण**
**सी.ए. स्वीटी जैन**

अन्तरराष्ट्रीय सलाहकार मंडल
**धर्मपाल महेन्द्र जैन**, टोरंटो, कनाडा

विधि सलाहकार मंडल
**योगेश कुमार** (चेयरमैन, नेचर व्यू)
**अजय नागर** (स्वतंत्र पत्रकार)
**डॉ. भरत कुमार**, (शिक्षाविद्), बनारस

राज्य प्रभारी
उत्तर क्षेत्र प्रभारी—**विशाल शर्मा**, चंडीगढ़
पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रभारी—**राजीब अगस्ती**, गुवाहाटी
दक्षिण क्षेत्र प्रभारी—**नवरतन पींचा जैन**, चेन्नई
पश्चिमी क्षेत्र प्रभारी—**आशा सिंह देवासी**, मुबई
पूर्वी क्षेत्र प्रभारी—**प्रकाश बेताला**, भुवनेश्वर
कर्नाटक प्रभारी—**हर्ष गोयल**, बेंगलुरु
तमिलनाडु प्रभारी—**जे.पी. ललवानी**, चेन्नई
मध्य प्रदेश प्रभारी—**लखनलाल चौरसिया**, भोपाल
पश्चिमी उ.प्र. प्रभारी—**अंकित जैन**, मेरठ









**समाचार जगत**

28 चाणक्य वार्ता पाक्षिकनामा

29 खबरों में देश-विदेश : सोनम जैन

30 उत्तर भारत की खबरें : विशाल शर्मा/शैलेन्द्र जैन

31 पूर्वोत्तर भारत की खबरें : राजीब अगस्ती/डॉ. आलोक सिंह

32 दक्षिण भारत की खबरें : वेद प्रकाश पांडेय/ ईश्वर करुण

35 पश्चिम भारत की खबरें : आशा सिंह देवासी/धीरेन बरोट

**जॉब अलर्ट**

36 सरकारी नौकरियों में अवसर : सी.ए. स्वीटी जैन

**कविता**

37 स्वाभिमान : डॉ अनन्त कीर्ति वर्द्धन

**श्रद्धांजलि**

37 श्री रतनलाल कटारिया एवं श्री परमानंद हिन्दुजा

**सबरंग**

37 सिनेमा, टेलीविजन, आयोजन, सम्मान : डॉ. महेश्वर




**देश भर में 'चाणक्य वार्ता' के प्रतिनिधि**
राज्य ब्यूरो चीफ
**धीरेन्द्र मिश्र**, नई दिल्ली
**डॉ. अमर सिंहल**, जयपुर, राजस्थान
**शैलेन्द्र जैन**, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
**अजय भट्ट**, देहरादून, उत्तराखंड
**डॉ. गुलाब सिंह**, यमुना नगर, हरियाणा
**शरद छिब्बर**, चंडीगढ़
**रमेश गुप्ता**, उधमपुर, जम्मू-कश्मीर
**एस.के. व्यास**, जलंधर, पंजाब
**गुरुवचन सिंह**, शिमला, हिमाचल प्रदेश
**सतीश सिंह**, गुवाहाटी, असम
**डॉ. आलोक सिंह**, शिलांग, मेघालय
**शुभ्रांशु दाम**, धर्मनगर, त्रिपुरा
**तुंबन रीबा 'लीली'**, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश
**हुरई जेलियांग**, दीमापुर, नागालैंड
**डॉ. ललमुआनओमा साइलो**, आईजोल, मिजोरम
**किरन कुमार**, इफाल, मणिपुर
**डॉ. टी.बी. छेत्री**, गंगटोक, सिक्किम
**वेद प्रकाश पाण्डेय**, बेंगलुरु, कर्नाटक
**ईश्वर करुण**, चेन्नई, तमिलनाडु
**जी. गौरीशंकर**, हैदराबाद, तेलंगाना
**उमा महेश्वर रेड्डी**, विजयवाड़ा, आंध्रप्रदेश
**श्रीकांत कण्णन**, पुडुचेरी
**अरुण लक्ष्मण**, तिरुवन्तपुरम, केरल
**धीरेन बरोट**, अहमदाबाद, गुजरात
**किशोर आपटे**, मुंबई, महाराष्ट्र
**विनायक भिषे**, सतारा, महाराष्ट्र
**विनोद कुशवाहा**, भोपाल, म.प्र.
**आदेश ठाकुर**, रायपुर, छत्तीसगढ़
**सियानंद मंडल**, पटना, बिहार
**गौतम चौधरी**, राँची, झारखंड
**अशोक नंदी**, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
**राजेन्द्रपाल शर्मा**, पोर्टब्लेयर, अंडमान निकोबार
नेशनल सोशल मीडिया हेड
**आदित्य जैन**, यमुनानगर
नेशनल मार्केटिंग हेड
**दीक्षा कंबोज**, यमुनानगर
जिला ब्यूरो चीफ
**अविनाश पाठक**, नागपुर, महाराष्ट्र
**अनमोल जैन**, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**सुनीता गोस्वामी**, मथुरा, उत्तर प्रदेश
**डॉ. डी.के. अस्थाना**, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
**संजय सक्सेना**, कानपुर, उत्तर प्रदेश
**सोनम जैन**, दिल्ली
**ए. रणजीत**, आईजोल, मिजोरम

**नोट** : देश के कोने-कोने में आप अपने समाचार पत्र हॉकर के माध्यम से घर बैठे 'चाणक्य वार्ता' पत्रिका मँगा सकते हैं। यदि आपको पत्रिका मिलने में कठिनाई होती है, तो आप 'चाणक्य वार्ता' के मुख्य प्रसार कार्यालय, नई दिल्ली में 08586858185 पर सपर्क कर सकते हैं अथवा ***chanakyavarta@gmail.com*** पर ई-मेल भी कर सकते हैं।

**प्रसार प्रबंधक**

© सर्वाधिकार सुरक्षित। प्रकाशित सामग्री के उपयोग के लिए लेखक, प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। प्रकाशित रचनाओं के विचार से 'चाणक्य वार्ता' पत्रिका का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अंतर्गत विचारणीय रहेंगे।

**इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसाइटी**, नई दिल्ली का पाक्षिक प्रकाशन

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमित जैन के लिए विकास कम्प्यूटर एंड प्रिंटर्स, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद से मुद्रित एवं ए-28, मनसाराम पार्क, नई दिल्ली से प्रकाशित।**

सम्पादक : **अमित जैन।**

आवरण व लेआउट : **स्वपन कम्यूनिकेशन, दिल्ली**

वेबसाइट : www.chanakyavarta.com

**आप सभी पाठकगण पत्रिका में प्रकाशित लेखों पर अपने विचार या कोई सुझाव हमें हमारी ई-मेल आईडी response50123@gmail.com पर भेज सकते हैं। स्थान की उपलब्धता के अनुसार हम आपके विचारों को शामिल करने का प्रयास करेंगे।**

**—सम्पादक 'चाणक्य वार्ता'**




चाणक्य वार्ता के 16 मई 2023 के अंक में डॉ. अमित जैन का पाकिस्तान पर केंद्रित संपादकीय पढ़ा। इसमें उन्होंने भारत को पाकिस्तान की बर्बादी से सतर्क रहने का सुझाव दिया है। मैं उनकी इस बात से सहमत हूं। पाकिस्तान हमारा पड़ोसी तथा शत्रु देश है। वह अस्थिर हुआ तो उसके अंदर जो कुछ भी होगा, उसका प्रभाव भारत पर भी निश्चित रूप से पड़ेगा। वहां की जैसी राजनीति है, उसके अनुसार अस्थिर सत्ता के कारण वहां भारत विरोध और अधिक बढ़ेगा। ऐसे में यदि भारत सतर्क नहीं हुआ, तो गड़बड़ी की संभावनाएं हो सकती है।

**- शैलेंद्र जैन, पत्रकार**
**लखनऊ, उ.प्र.**

चाणक्य वार्ता के ताजे अंक में मोदी सरकार के 9 साल पूरा होने पर आरपी तोमर का विस्तृत लेख पढ़ा। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नोटबंदी से आतंकवाद और नकली करेंसी की कमर तोड़ने में सहायता मिली। इसके अलावा सर्जिकल स्ट्राइक ने पाकिस्तान पर बहुत गहरा प्रहार किया है। तीन तलाक से जुड़ा कानून मुस्लिम महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। जम्मू-कश्मीर से जुड़ी धारा 370 की समाप्ति ने प्रदेश को एक काले अध्याय से मुक्त कर दिया। बोडो शांति समझौता होने से पूर्वोत्तर में शांति बहाली की तरफ एक और कदम आगे बढ़ा है। नेशनल मेडिकल कमीशन बिल, नीति आयोग और सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट आदि विभिन्न परियोजनाओं ने देश का चहुंमुखी विकास किया है। मोदी सरकार के नौ साल भारत के नवनिर्माण हेतु स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाएंगे।

**अजय भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता**
**देहरादून, उत्तराखंड**

संविधान लेखन के साथ ही उसे चित्रों से सजाया गया है। इस कार्य में चित्रकार नंदलाल बोस का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। चाणक्य वार्ता के अंक में लक्ष्मीनारायण भाला का नंदलाल बोस पर लेख उनको विनम्र श्रद्धांजलि है। इस चित्रांकित संविधान का प्रकाशन बार-बार किया जाना चाहिए। मेरी जानकारी के अनुसार अभी तक जो संविधान की प्रतियां उपलब्ध करायी जाती हैं, उन्हें चित्रों के साथ प्रकाशित नहीं किया जाता है। यह ठीक नहीं है। इस परंपरा को बदलना चाहिए।

**नवरतन पिंचा जैन, समाजसेवी**
**चेन्नई, तमिलनाडु**

चाणक्य वार्ता के 16 मई 2023 के अंक में आचार्य जिनसेन और उनके आदिपुराण पर प्रो. फूलचंद जैन प्रेमी का शोध पूर्ण लेख पढ़ा। उन्होंने अपने लेख में इस महान संत, उनके गुरु व श्रेष्ठ अनुसरणकर्ता शिष्य के बारे में बताया है। जैन आचार्य किस प्रकार धार्मिक प्रवचनों के साथ-साथ हमारे साहित्य का भी संवर्द्धन कर रहे हैं इसकी जानकारी मिली। जैन आचार्यों और जैन साहित्य ने प्राचीन समय से ही भारतीय संस्कृति और इतिहास को समृद्ध किया है। पूरे भारत में इस प्रकार के अनेक उदाहरण मिलते हैं जिनसे यह सिद्ध होता है कि प्रत्येक कार्यक्षेत्र में जैन आचार्यों ने अपनी दूरदर्शिता के कारण महान् कार्य किए है।

**धीरेन बारोट, अध्यापक**
**अहमदाबाद, गुजरात**

चाणक्य वार्ता के अंक में कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम पर वेणुगोपालन की रिपोर्ट पढ़ी। इसमें लेखक ने राहुल गांधी के उस बयान को शीर्षक बनाया है, जिसमें उन्होंने नफरत का बाजार बंद होने और प्रेम की दुकान खुलने की बात कही थी। लेकिन मुझे लगता है कि इसके लिए कांग्रेस को अपने चुनाव घोषणा-पत्र से थोड़ा सा हटकर काम करना पड़ेगा। नई कर्नाटक सरकार को किसी संप्रदाय विशेष का तुष्टीकरण करने के स्थान पर सभी के विकास कार्य के लिए विचार करते हुए योजनाओं का निर्माण करना होगा। बदले की भावना से यदि सरकार काम करती है तो जल्द ही जनता में उसकी बदनामी होगी।

**रमेश गुप्ता, पत्रकार**
**उधमपुर, जम्मू-कश्मीर**

चाणक्य वार्ता में हालिया मणिपुर हिंसा पर डॉ. भरत कुमार का लेख पढ़ा। पिछले 9 सालों में पूर्वोत्तर से शांति और विकास की खबरें ही अधिकांशतः सुनाई पड़ती रही हैं। लेकिन कुछ घटनाएं हमें यह एहसास दिलाती है कि दुश्मन अभी भी सक्रिय हैं। वो पूर्वोत्तर की शांति और समृद्धि में विघ्न डालने का हरसंभव प्रयास करेंगे। मणिपुर हिंसा भी इसी श्रृंखला में किया गया देशविरोधी ताकतों का एक कार्य दिखाई दे रहा है। ये लोग जाति, भाषा और प्रांत सहित विभिन्न मुद्दों पर लोगों को भड़काकर आपस में लड़ाते हैं और हिंसा का माहौल पैदा करते हैं। हमें भी इसकी वास्तविकता को समझना चाहिए।

**हेमंत जैन, व्यवसायी**
**भोपाल, मध्य प्रदेश**

चाणक्य वार्ता के 16 मई 2023 के अंक में रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम की रिपोर्ट पढ़ी। इस कार्यक्रम में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के कार्यों को याद किया है। मुख्यमंत्री ने नोबल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर को कवि के साथ ही महान दार्शनिक और समाजसुधारक भी बताया है। टैगोर जी एक प्रसिद्ध राजनेता भी थे। उनका प्रभाव बंगाल के साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों सहित पूरे देश में था। वें आज भी सभी भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

**निलेश पारीक, व्यवसायी**
**मुंबई, महाराष्ट्र**

चाणक्य वार्ता पाक्षिक में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के जनसंवाद कार्यक्रमों सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं पर विशाल शर्मा का लेख पढ़ा। विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री जनता दरबार लगाते हैं, लेकिन जिस तरह मनोहरलाल हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्या सुनकर उनका तत्काल समाधान करते हैं, वह अन्य प्रदेशों में देखने को नहीं मिलता है। इतनी व्यस्तता के बाद भी जनता से जमीनी स्तर पर जुड़े रहने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है।

**संजीव कुमार**
**बहादुरगढ़,हरियाणा**